झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

9 Sep 2023

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK | JSSC | DEFENCE - ARMY | CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 9 सितंबर का इतिहास

- **1920 :** अलीगढ़ का एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में रूपांतरित हो गया।
- **1949 :** भारत की संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया।
- **2009 :** रेल मंत्रालय ने गृह मंत्रालय की तर्ज पर अपने कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली शुरू करने की घोषणा की
- **1945 :** प्रथम कंप्युटर बग की खोज में हुई।
- **1924 :** भारत में कोहाट दंगे हुए।

## 9 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- 2023 में दिल्ली में जी 20 शिखर सम्मेलन एक महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है जो विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सदस्य देशों और अतिथि देशों के नेताओं को एक साथ लाता है। नई दिल्ली में अगले महीने 9 और 10 सितंबर को G20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। भारत इस समय G20 का अध्यक्ष हैं। शिखर सम्मेलन प्रतिष्ठित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा, जो नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आईटीपीओ कन्वेंशन सेंटर के भीतर स्थित है।
- नेशनल ई गवर्नेंस डिवीजन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर नॉलेज शेयरिंग प्लेटफॉर्म में पर्सनलाइज्ड एडेप्टिव लर्निंग को एकीकृत करेगा। व्यक्तिगत अनुकूली शिक्षण के तहत, प्रत्येक छात्र को व्यक्तिगत सीखने का अनुभव होगा। शिक्षा मंत्रालय के तहत दीक्षा एक ऑनलाइन पोर्टल और एक मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से स्कूलों के लिए ई-सामग्री प्रदान करती हैं। दीक्षा प्लेटफॉर्म में दृश्य या श्रवण बाधित शिक्षार्थियों के लिए सहायक तकनीकें अंतर्निहित हैं।
- गुजरात घोषणा स्वदेशी ज्ञान, जैव विविधता और पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धताओं की पुष्टि की। पहला डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन 2023 गुजरात के जामनगर में डब्ल्यूएचओ वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र में आयोजित किया गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने कहा कि गुजरात घोषणा विज्ञान की मदद से पारंपरिक चिकित्सा की क्षमता का उपयोग करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करेगी। यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों में पारंपरिक दवाओं के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करेगा और पारंपरिक चिकित्सा की शक्ति को प्रकट करेगा।
- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने शहरी सहकारी बैंकों की चिंताओं को संबोधित किया तथा उनके प्रशासन को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। शहरी सहकारी बैंकों क्षेत्र में समग्र वितीय सुधार के बावजूद इस क्षेत्र की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत संस्थाओं के कमजोर पक्षों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।
- सरकार द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव की संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समिति का गठन किया गया हैं। यह 8 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति होगी। गृह मंत्री अमित शाह, अधीर रंजन चौधरी, गुलाम नबी आजाद, 15वें वित आयोग के पूर्व अध्यक्ष एन. के. सिंह व अन्य समिति के सदस्यों में शामिल होंगे। यह समिति संविधान की व्यवस्थाओं के तहत देश में लोकसभा, विधानसभा, नगर निकायों व पंचायत चुनावों को एक साथ कराने की संभावनाओं का पता लगाएगी और इस संबंध में अपने सुझाव देगी।
- भारतीय स्टेट बैंक ने अपने डिजिटल रूपया में यूपीआई इंटरऑपरेबिलिटी पेश की है, जिसे सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी के रूप में भी जाना जाता हैं। यह सुविधा एसबीआई द्वारा ईरूपी एप्लिकेशन के माध्यम से उपलब्ध है और एसबीआई सीबीडीसी उपयोगकर्ताओं को लेनदेन के लिए व्यापारी यूपीआई क्यूआर कोड को स्कैन करने की अनुमति देती हैं। एसबीआई के अनुसार इस एकीकरण का डिजिटल मुद्रा पारिस्थितिकी तंत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। बैंक सुरक्षित ओर कुशल लेनदेन समाधान प्रदान करने का प्रयास करता है।
- दिल्ली हाई कोर्ट का यह आदेश नैतिकता और चिकित्सा पंजीकरण बोर्ड की सिफारिश के खिलाफ दो बच्चों के परिवार के सदस्यों द्वारा दायर याचिका के बाद आया हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का ईएमआरबी एएसडी के लिए स्टेम सेल उपचार के उपयोग के खिलाफ था। ईएमआरबी की सिफारिश में कहा गया है कि स्टेम सेल उपचार के उपयोग, प्रचार और विज्ञापन से पेशेवर कदाचार हो सकता है।
- विस्तारा का एयर इंडिया में विलय हो जाएगा। सीसीआई ने सिंगापुर एयरलाइंस को एयर इंडिया में 25.1% हिस्सेदारी हासिल करने की भी अनुमति दे दी हैं। सीसीआई से इस अनुमोदन के साथ, एआईआर इंडिया ने एक कंपनी बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण नियामक प्रक्रिया पूरी कर ली हैं जिसमें चार एयरलाइंस शामिल हैं। सिंगापुर एयरलाइंस टाटा संस के साथ विस्तारा की सह-मालिक है। उसे एयर इंडिया में 25.1% हिस्सेदारी मिलेगी। विस्तारा को एयर इंडिया के साथ एकीकृत किया जाएगा।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में एक अध्ययन के अनुसार भारत किस वर्ष तक वर्तमान दर से 3 गुना अधिक भूजल खो सकता है ?**

(A) 2030 (B) 2045

(C) 2060 (D) 2080

**(D)** एक हालिया अध्ययन के अनुसार यदि भारतीय किसान मौजूदा दर से भूजल निकालना जारी रखते हैं, तो 2080 तक भूजल की कमी की दर तीन गुना हो सकती है, जिससे देश की खाद्य और जल सुरक्षा को खतरा हो सकता हैं। साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि परिणामस्वरूप, पानी की कम उपलब्धता से देश के 1.4 अरब निवासियों में से एक तिहाई से अधिक की आजीविका को खतरा हो सकता है और इससे वैश्विक प्रभाव पड़ सकते है।



**2. हाल ही में किस मंत्रालय द्वारा चीनी ग्लास के आयात पर एंटी-डंपिंग शुल्क की सिफारिश की गई हैं ?**

(A) गृह मंत्रालय (B) वाणिज्य मंत्रालय

(C) वित्त मंत्रालय (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** मंत्रालय ने घरेलू उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले चीनी ग्लास के आयात पर 243 डॉलर प्रति टन तक एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने की सिफारिश की हैं। घरेलू उद्योगों को पडोसी देश से आने वाले सस्ते माल से बचाने के उद्देश्य से एंटी डंपिंग शुल्क की सिफारिश की गई है। एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने पर अंतिम निर्णय वित मंत्रालय द्वारा लिया जाएगा।



**3. हाल ही में किस राज्य सरकार ने अधिकारियों को उत्तर प्रदेश में डिजिटल फसल सर्वेक्षण में तेजी लाने का निर्देश दिया है ?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) मध्यप्रदेश

(C) हरियाणा (D) राजस्थान

**(A)** उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि प्रत्येक सर्वेक्षक प्रति माह 1500 भूखंडों और 45 दिनों के भीतर 2250 भूखंडों के लिए सर्वेक्षण पूरा कर लें। यूपी सरकार ने अधिकारियों को जिला मजिस्ट्रेट की देखरेख में सभी गांवों में फसल सर्वेक्षण को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए कहा हैं।



**4. हाल ही में कौनसा राज्य सरकार बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए राज्य विधानसभा में विधेयक पेश करेगी ?**

(A) राजस्थान (B) उत्तर प्रदेश

(C) तेलंगाना (D) असम

**(D)** हाल ही में असम सरकार बहुविवाह पर रोक लगाने के उद्देश्य से दिसंबर में राज्य विधानसभा में एक विधेयक पेश करेगी, जिसमें कई पति पत्नी करना शामिल हैं। अगले 45 दिनों विधेयक का मसौदा तैयार किया जाएगा और इसको राज्य विधानसभा में पेश किया जाएगा। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि तीन सुझावों ने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए अपना विरोध व्यक्त किया हैं।



**5. हाल ही में मोहन बागान एसजी ने किस टीम को हराकर 23 साल बाद डूरंड कप का खिताब जीता ?**

(A) ईस्ट बंगाल FC (B) गोकुलम केरल FC

(C) चर्चिल ब्रदर्स (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल को हराकर 23 साल बाद डूरंड कप का खिताब जीता। मोहन बागान एसजी ने ईस्ट बंगाल FC को 1-0 से हराकर 23 साल बाद डूरंड कप फाइनल जीता। दोनों टीमों ने डूरंड कप में रिकॉर्ड 16-16 खिताब जीते हैं।



Contact : 8084818282, 9113365645

**6. राष्ट्रीय कार्बन रजिस्ट्री किस संगठन की एक पहल है ?**

(A) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

(B) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम

(C) वैश्विक पर्यावरण सुविधा

(D) विश्व मौसम विज्ञान मंत्रालय

**(A)** हाल ही में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने एक ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर नेशनल कार्बन रजिस्ट्री लॉन्च किया हैं। यह सॉफ्टवेयर विभिन्न देशों को कार्बन क्रेडिट के व्यापार के लिये राष्ट्रीय डेटा और प्रक्रियाओं को प्रभावी ढ़ंग से प्रबंधित करने की अनुमति देता हैं। इस सॉफ्टवेयर को डिजिटल पब्लिक गुड के रूप में मान्यता दी गई है।

**7. सीमा सड़क संगठन किस मंत्रालय के अधीन कार्य करता है ?**

(A) गृह मंत्रालय (B) प्रधानमंत्री कार्यालय

(C) रक्षा मंत्रालय (D) सड़क एवं परिवहन मंत्रालय

**(C)** हाल ही में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने सीमा सड़क संगठन को उत्तराखंड में 10,000 पेड़ लगाने का निर्देश दिया हैं। सीमा सड़क संगठन भारत में एक सड़क निर्माण कार्यकारी बल हैं। यह भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए सड़क एवं पुलों का निर्माण कार्य तथा व्यवस्थापन का कार्य करता है।




**8. हाल ही में नाममित्र का किस राज्य के नींदकारा में सफल परीक्षण किया गया है ?**

(A) केरल (B) उत्तर प्रदेश

(C) गुजरात (D) मध्यप्रदेश

**(A)** नाभमित्र मछुआरों की सुरक्षा के लिए एक उपकरण हैं। इसे इसरो-अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र द्वारा विकसित किया गया था। यह मछुआरों की सुरक्षा के लिए समुद्र और समुद्र तक दो-तरफा संदेश सेवाएं सक्षम बनाता हैं। मौसम और चक्रवात की चेतावनी स्थानीय भाषा में दी जाएगी। नावें अधिकारियों को संकट संदेश भेज सकती है।



**9. हाल ही में किसने रिकॉर्ड लगातार 10वीं बार इटालियन ग्रैंड प्रिक्स जीता है ?**

(A) वाल्टेरी बोटास (B) सेबस्टियन वेट्टल

(C) मैक्स वर्स्टप्पन (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** मैक्स वर्स्टापेन ने इटालियन ग्रैंड प्रिक्स जीता है और उन्होंने फॉर्मूला 1 इतिहास में सबसे अधिक जीत का एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जिसमें 10 जीतों का सिलसिला है। सर्जियो पेरेज ने अंतिम चरण में फेरारी के ड्राइवर के साथ कड़े मुकाबले के बाद कार्लोस सैंज को हराकर रेड बुल को 1-2 से आगे कर दिया।



**10. हाल ही में किस देश ने सामरिक परमाणु हमला अभ्यास का मंचन किया है ?**

(A) रूस (B) उत्तर कोरिया

(C) जर्मनी (D) यूक्रेन

**(B)** अमेरिका के दक्षिण कोरिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास से तिलमिलाए उत्तर कोरिया ने सामरिक परमाणु हमले का अभ्यास किया। इस अभ्यास में दो लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें शामिल थीं और तानाशाह किम जोंग उन ने जहाज निर्माण और युद्ध सामग्री कारखानों का निरीक्षण किया था।

